कार्यालय, आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन,
सतपुड़ा भवन, भोपाल- 462004

क्रमांक / /आउशि/अकादमी/2025, भोपाल, दिनांक 27 जून , 2025

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश
2. प्राचार्य,
   समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश

विषय:- सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर एवं माइनर विषय के विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश के संबंध में दिशा- निर्देश ।

-0-

सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारण के आयोजन के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे :-

- मेजर एवं माइनर विषय के विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी उच्च शिक्षा विभाग के ई प्रवेश पोर्टल पर दिनांक 30 जून 2025 तक आवेदन कर सकेगें। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न संचार एवं प्रिंट मीडिया के माध्यमों से किया जाये ।
- विश्वविद्यालयों व्दारा विषयवार साक्षात्कार आयोजित कर पात्रता निर्धारित की जाये ।
- विद्यार्थी का आवेदन पत्र चयनित विश्वविद्यालय हेतु एडमिट कार्ड के रूप में मान्य किया जाए ।
- विद्यार्थी का एप्लीकेशन आईडी ही उनका रोल नम्बर निर्धारित किया जाए ।

गतिविधि एवं समय सीमा निम्नानुसार निर्धारित है :-

| क्र. | गतिविधि | समय सीमा |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के लॉगिन पर विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध होगी तथा विद्यार्थियों को एस.एम.एस. के माध्यम से सूचना दी जाएगी । | 01 जुलाई 2024 |
| 2 | प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा सभी विषयों के लिये विषयवार साक्षात्कार की तिथि | 02 एव 03 जुलाई 2025 |
| 3 | विद्यार्थियों को साक्षात्कार की सूचना (तिथि, समय, स्थान ) | 4 जुलाई 2025 |

| क्र. | गतिविधि | समय सीमा |
|---|---|---|
| 4 | पात्रता के निर्धारण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विषयवार साक्षात्कार आयोजऩ | 10 एवं 11 जुलाई 2025 |
| | विश्वविद्यालय पात्रता प्रमाण पत्र जारी किये जाने की अवधि | 10 एवं 11 जुलाई 2025 |
| 6 | विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल पर अपलोड करना (पात्र विद्यार्थियों के नाम के समक्ष चेक बॉक्स पर क्लिक करने पर डाटा अपलोड हो जायेगा ) | 11 जुलाई 2025 |
| 7 | ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से सीटों का आवंटन | 12 जुलाई 2025 |

उक्तानुसार समय-सीमा में उक्तानुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित की जावे ताकि मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहें एवं इस प्रक्रिया से लाभांन्वित हो सकें ।

Digitally signed by
Nishant Warwade
Date: 28-06-2025
10:41:29

( निशांत वरवड़े )
आयुक्त
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ.क्र. / /आउशि/अकादमी/2025, भोपाल, दिनांक /06/2025

1- विशेष सहायक माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग, म.प्र. भोपाल ।
2- स्टाफ आफीसर, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय,भोपाल।
3- निज सहायक, कुलगुरू, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश ।
4- समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश ।

आयुक्त
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश